# इस बार चुनावों की तर्ज पर होगी रीट परीक्षा, सरकारी शिक्षक लगेंगे वीक्षक

**हनुमानगढ़,**(कासं)। इस बार विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तर्ज पर रीट परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय पर 23-24 जुलाई को होगा। जिला मुख्यालय और उसके आसपास बनाए गए कुल 46 परीक्षा केन्द्रों पर केवल सरकारी कार्मिक ही लगाए जायेंगे।



हनुमानगढ़ कलेक्टर नथमल डिडेल ने रीट परीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने रीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों और परीक्षा केन्द्र संचालकों की बैठक ली। जिसमें सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

डिडेल ने बताया कि जिला मुख्यालय और इसके आसपास के कुल 46 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं जिनमें 33 प्राइवेट स्कूल व कॉलेज और 13 सरकारी संस्थान शामिल हैं। 33 प्राइवेट स्कूल व कॉलेज को जिला प्रशासन द्वारा अधिग्रहण किया गया है। जिला मुख्यालय से सर्वाधिक दूर सेंटर पर पेपर पहुंचाने में अधिकतम 45 मिनट का समय लगेगा।

प्रत्येक जिला कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक केन्द्राधीक्षक (प्रिंसिपल रैंक का अधिकारी), एक सहायक केन्द्राधीक्षक (लेक्चरर या हैड मास्टर), एक कमरे में दो सरकारी वीक्षक, प्रत्येक सेंटर पर एक पेपर कॉर्डिनेटर, प्रत्येक तीन सेंटर पर एक ओएमआर सीट कॉर्डिनेटर (कुल 16), 5 परीक्षा केन्द्रों पर एक जोनल मजिस्ट्रेट ( एसडीएम या तहसीलदार रैंक के कुल 09 अधिकारी), प्रत्येक 10 सेंटर्स पर एक एरिया मजिस्ट्रेट लगाए जायेंगे। इसके अलावा प्रत्येक सेंटर पर एक महिला व एक पुरुष कांस्टेबल की नियुक्ति रहेगी। साथ ही एक परीक्षा केन्द्र पर एक एलडीसी, एक यूडीसी, एक सूचना सहायक, एक वीडियोग्राफर और 200 स्टूडेंट्स पर एक चपरासी को नियुक्त किया जायेगा। पेपर संग्रहण केन्द्र पर 1-5 का पुलिस जाप्ता रहेगा।

बैठक में जिला कलेक्टर ने प्राइवेट स्कूल व कॉलेज संचालकों को निर्देशित किया कि पेपर कॉर्डिनेटर पेपर लेकर आएं तब पेपर ऐसे कमरे में रखना है जिसमें एक ही गेट हो। अगर किसी कमरे में दो गेट हैं तो दूसरा गेट सील करवा दें।

इसके अलावा परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था, कमरे का फर्नीचर ठीक हो, स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, कमरे में बिजली, पानी की व्यवस्था, खिड़की, दरवाजे चैक कर लें। 22 और 23 जुलाई की शाम को साफ सफाई अच्छे से करवा लें।

■ जिले में 46 परीक्षा केन्द्रों पर 23-24 जुलाई को होगी रीट परीक्षा

जिला कलेक्टर ने प्राइवेट स्कूल, कॉलेज वाले सेंटर संचालकों से केवल एक ऐसे कार्मिक को लिया जायेगा जिसे स्कूल की सारी व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी हो ताकि सरकारी स्टाफ को कोई दिक्कत ना आए। ये कार्मिक ऐसा होना चाहिए जिस पर पहले कभी एफआईआर नहीं हुई हो। ऐसे कार्मिक का नाम, मोबाइल नंबर आगामी तीन दिन में प्रशासन को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये गए हैं।

जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला मुख्यालय पर ट्रेजरी में स्ट्रांग रूम बनाया जायेगा। जहां सबसे पहले पेपर आयेंगे। इसका प्रभारी अधिकारी किसी आरएएस अधिकारी को लगाया गया है। जिला मुख्यालय पर ट्रेजरी में पेपर आने से लेकर ट्रेजरी से पेपर रवाना होने और फिर केन्द्र तक पहुंचने व वहां पेपर स्ट्रांग रूम में रखने तथा फिर पेपर बांटने तक वीडियोग्राफी की जायेगी। वीडियोग्राफी को लेकर चुनावों की दर पर टेंडर करने के निर्देश दिए गए। वीडियोग्राफी को लेकर पेमेंट ट्रेजरी करेगी।

## रोडवेज डिपो की बाउंड्री में नवजात का शव मिला

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जंक्शन के रोडवेज डिपो परिसर में एक नवजात शिशु का शव मिला।

आसपास के लोगों का कहना है कि दो महिलाएं नवजात को यहां फेंककर गायब हो गई। बाल कल्याण समिति और पुलिस की टीम ने मौका मुआयना के बाद नवजात के शव को मोर्चरी भिजवाया। बच्चे की मौत जन्म के बाद हुई या बच्चा मृत पैदा हुआ इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने बताया कि दोपहर बाद करीब 3.40 बजे सूचना मिली कि ई-रिक्शा पर आई दो महिलाएं रोडवेज डिपो बाउंड्री में नवजात का शव फेंककर फरार हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने समिति सदस्यों को बताया कि दो महिलाओं में से एक ने शिशु को जन्म दिया और दूसरी ने उसके जन्म देते ही वहां फेंक दिया। सूचना पाकर पुलिस और सीडब्लयूसी टीम जब मौके पर पहुंची तब नवजात मृत मिला। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

बाल कल्याण समिति चेयरमैन जितेंद्र गोयल का कहना है कि 2009 निसंतान दंपती बच्चों को गोद लेने के लिए वेबसाइट कारा पर ऑनलाइन वेटिंग में हैं। ऐसे में अनचाहे शिशु को फेंकने की बजाय पालनागृह में छोड़ा जा सकता है। बाल अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित पालना गृह में 4 केयर टेकर हैं।

## सार-समाचार

### भाजपा जस्सूसर मंडल की बैठक



**बीकानेर,**(कासं)। जस्सूसर मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कुमार ओझा की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा पखवाडा पर जस्सूसर मंडल की संगठनात्मक वार्षिक प्रतिवेदन बैठक संपन्न हुई। मंडल अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश ओझा ने बताया कि योग भवन राम पार्क में जस्सूसर मंडल संगठानात्मक वार्षिक कार्य समिति इस बैठक संपन्न हुइ। इस बैठक में पधारे हुए मंचासीन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं मंडल प्रभारी डॉ सत्यप्रकाश आचार्य, वरिष्ठ भाजपा नेता इंदरचंद ओझा लक्ष्मी नारायण व्यास, पदाधिकारियों द्वारा श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के तेल चित्रों पर पुष्पांजलि की गई एवं वृक्षारोपण किया गया। सभी मंचासीन भाजपा नेताओं का पार्टी दुपट्टा पहनाकर एवं धार्मिक पुस्तक भेंट कर अभिनंदन किया गया। मंडल अध्यक्ष मुकेश ओझा बताया कि जस्सूसर मंडल ने आज पूज्य श्यामाप्रसाद मुखर्जी सेवा पखवाड़ा पर वृक्षारोपण कर मंडल की संगठनात्मक कार्यसमिति की बैठक विधिवत शुरू की और संगठानात्मक कार्यों की पुस्तक प्रदेश सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य को सौंपी। उन्होंने बताया कि पश्चिम विधानसभा में सर्वाधिक समर्पण निधि दो लाख पचास हजार, 250000 रुपए मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा एकत्रित कर जिला संगठन को सौंपे गए। बूथ कार्यकारिणी एवं पन्ना प्रमुख अभियान के तहत सभी बूथों पर फोटो सहित बूथ कार्यकारिणी और पन्ना प्रमुख नियुक्त किये गए हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं के घरों के ऊपर भारतीय जनता पार्टी के झंडे लगाये गए। सेवा संगठन कार्यक्रम के तहत 80 राशन की किट धार्मिक स्थलों पर वितरण का कार्य किया गया।

### फोटो स्टूडियो में लगी आग

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। शहर के रवीन्द्र पथ पर फोटो स्टूडियो की एक दुकान में आग लग गई। आग दुकान की ऊपरी मंजिल से शुरू हुई और धीरे-धीरे पूरी दुकान को चपेट में ले लिया। दुकान मालिक हादसे के समय दुकान में ही था। उसने जब दुकान के ऊपर की तरफ से धुंआ उठते देखा तो उसने शोर मचाया। इस पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। पड़ौस के दुकानदारों ने उसी समय फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने करीब सवा घंटे मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग लगने की इस घटना में दुकान का पूरा सामान जल गया। आग लगने की यह वारदात रवींद्र पथ पर न्यू वीके स्टूडियो पर हुई। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने बताया कि आग स्टूडियो के ऊपर की तरफ बने एक छोटे लकड़ी के कमरे से शुरू हुई। कमरे तक पहुंचने के लिए संकरी सीढ़ियां ही एक मात्र रास्ता थी। इस पर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने मशक्कत करते हुए संकरी सीढ़ियों के रास्ते आग बुझाने का काम शुरू किया। थोड़ी ही देर में आग की लपटों ने पूरे लकड़ी के कमरे को चपेट में ले लिया। धुएं और आग की गर्मी के बावजूद फायर ब्रिगेडकर्मी डटे रहे। करीब एक घंटा बीस मिनट तक मशक्कत कर उन्होंने आग पर काबू पा लिया। आग लगने की इस घटना में कुछ कैमरे, फोटो और एलबम, प्लास्टिक आइटम, सीलिंग वायरिंग आदि जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि आग पास की दुकानों तक नहीं फैली। देर तक मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड आग बुझाकर वापस लौटी।

### कार की टक्कर से पिता-पुत्री की मौत

**हनुमानगढ़,**(कासं)। गांव मक्कासर रोही में एक कार की टक्कर से बाइक बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई। जबकि एक अन्य लड़की घायल हो गई। पुत्री और उसकी सहेली को पिता कोचिंग सेंटर छोड़ने जा रहा था तभी हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार गांव मक्कासर का गुरजंट सिंह अपनी पुत्री कुलविंद्र कौर और उसकी सहेली रीतू को कोचिंग सेंटर पर छोड़ने जा रहा था। तभी ओवर स्पीड एक सफेद रंग की कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तीनों घायलों को ट्रोमा सेंटर पहुंचाया जहां डॉक्टर ने गुरजंट सिंह और उसकी बेटी को मृत घोषित कर दिया। जबकि रीतू उपचाराधीन है। पुलिस टीम मक्कासर सहित आस-पास के क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि दुर्घटनाकारित कार की पहचान की जा सके। एएसआई जसकरण सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में गुरमीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

### 6 पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया


**हनुमानगढ़,**(कासं)। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर पैट्रोलियम पदार्थों की गुणवत्ता व मात्रा की जांच की गई। जिला रसद अधिकारी राकेश न्यौल ने बताया कि पेट्रोल पंप संचालकों को उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में गुणवत्ता सहित ईंधन उपलब्ध करवाने एवं पेट्रोल पंप पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान जिन पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। उनमें शंकर फिलिंग स्टेशन, चमन लाल महेंद्र प्रताप पेट्रोल पंप, रिलायंस पेट्रोल पंप, चौधरी पेट्रोलियम, कुमार ब्रदर्स पंप, सेतिया फ्यूल शामिल है। निरीक्षण के दौरान डीएसओ के अलावा संदीप कुमार, नोरंगलाल, भरत कुमार आदि मौजूद थे।

### साइंस लैब का शिलान्यास

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। सादुलशहर विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने गुरुवार को ग्राम पंचायत 18 जेड, 23 जेड, 3 एच छोटी एवं मिर्जेवाला में आदर्श आंगनबाड़ी का लोकार्पण किया। उन्होंने 3 एच छोटी में आईसीटी लैब का लोकार्पण व साइंस लैब का शिलान्यास किया।

## कलेक्टर ने की ग्राम पंचायत मन्नीवाली में जनसुनवाई

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। जिला कलेक्टर रूक्मणि रियार सिहाग ने गुरूवार को पंचायत समिति सादुलशहर की ग्राम पंचायत मन्नीवाली में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।



गंगानगर कलेक्टर रुक्मणि रियार सियाग ने सादुलशहर की ग्राम पंचायत मन्नीवाली में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

मन्नीवाली के ग्राम पंचायत भवन में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों द्वारा दक्षिण दिशा की फिरनी को पक्का करने की मांग और रास्ता संबंधित प्रकरण में उन्होंने सुनवाई करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर ग्रामीणों को राहत देने के निर्देश दिये। वाटर वर्क्स के जीर्णोद्धार की मांग पर भी उन्होंने जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए जोहड़ में अपशिष्ट डालने वाले ईंट भट्टा संचालकों को पाबंद करने के लिये कहा। जलदाय विभाग द्वारा क्षेत्रा में करवाये जाये पेयजल पाइपलाइन कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की भावना के अनुरूप जनकल्याण के कार्य किये जायें।

इस अवसर पर बीडीओ विनोद रेगर, तहसीलदार पूनम कंवर, सरपंच सुनीता देवी, ग्राम विकास अधिकारी रजनीश सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण जन मौजूद थे। बीडीओ रेगर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान 18 प्रकरण आये। इनमें से 11 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि शेष प्रकरणों में अविलम्ब कार्यवाही के लिये जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि जिले में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की गई है।

## हड्डा रोड़ी हटाओ संघर्ष समिति का धरना जारी

**हनुमानगढ़,**(कासं)। रोड़ी हटाओ संघर्ष समिति कोहला की ओर चल रहा धरना 31वें दिन भी जारी रहा।

ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए कहा कि जानबूझ कर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। कलेक्टर ने शीघ्र ही समस्या का समाधान करने का अश्वासन दिया था लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी उनकी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक हड्डा रोड़ी यहां से शिफ्ट नहीं किया जाता है तब तक धरना जारी रहेगा।

इस मौके पर रामकुमार मधानिया ने बताया कि संरक्षक हरीराम मायल की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक में हड्डा रोड़ी के विरोध में आन्दोलन को उग्र करने पर विचार किया जायेगा। समिति की ओर से आंदोलन को तेज किया जायेगा। इस मौके पर कलावंती देवी, तारा देवी, रविना भादू, सुमित्रा देवी, मोहनी देवी, रंजना भादू, ज्योति शर्मा, डोली नाथ, विरमा देवी, कमलेश देवी, अंजू वर्मा, विनोद कुमार, महेन्द्र गोदारा, जगदीश राम, कृष्ण लाल, मनिराम तेतरवाल आदि मौजूद थे।

## उदयपुर हत्याकांड के विरोध में गोलूवाला कस्बा बंद रहा

**हनुमानगढ़,**(कासं)। कन्हैयालाल हत्याकांड के विरोध में गुरूवार को हनुमानगढ़ का गोलूवाला कस्बा पूरी तरह बंद रहा। इस हत्याकांड के विरोध में बंद को व्यापारियों के अलावा फल-सब्जी यूनियन ने भी समर्थन दिया। बंद के दौरान कस्बे में सन्नाटा पसरा नजर आया। इस दौरान व्यापारियों और कस्बेवासियों ने हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की।

कन्हैयालाल हत्याकांड के विरोध में विभिन्न संगठनों ने 1 दिन बाजार बंद रखने के लिए व्यापारियों से आग्रह किया था। इस पर आवश्यक सेवाओं की दुकानों को छोड़कर सभी दुकानदारों ने बंद को समर्थन दिया था। बंद के दौरान दुकानदारों और ग्रामीणों ने हत्यारों को फांसी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह आरोपियों का दुस्साहस प्रदेश में चलता रहा तो आमजन भयभीत माहौल में जिंदगी जीने को मजबूर होगा। लोगों ने कहा कि देश के शांत माहौल में कुछ लोग नफरत का जहर घोलने का प्रयास कर रहे हैं जो बर्दाश्त नहीं होगा।

■ बाजार में पसरा रहा सन्नाटा, लोगों ने की हत्यारों को फांसी देने की मांग

इस दौरान बाजार में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। श्रीगंगानगर में कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान वरिष्ठ नेता एडवोकेट शंकर सोनी ने आरोपी मोहम्मद रियाज के भाजपा से संबंध होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस पर भाजपा को स्पष्टीकरण देना चाहिए। आप नेता ने कहा कि कोई भी किसी पार्टी में शामिल हो सकता है, लेकिन बीजेपी या किसी भी पार्टी को सदस्यता अभियान चलाते समय सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसे तो कोई भी अपराधी बीजेपी में शामिल होकर पीएम और गृहमंत्री की सुरक्षा में भी सेंध लगा सकता है। उन्होंने राजस्थान में इस तरह की घटनाओं पर इंटेलिजेंस को पूरी तरह विफल बताया।

## दूध डेयरी में चोरी करने वाले तीन जने गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर के विनोबा मार्केट में दूध डेयरी की दुकान में चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। चोरी की नगदी और मोबाइल भी बरामद किया। पुलिस पूछताछ कर अन्य वारदातों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि पांच जुलाई को चक छह वाई कालियां के रहने वाले दुकानदार गुरप्रीत सिंह पुत्र दरबारा सिंह ने मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया था कि चार जुलाई की रात विनोबा मार्केट में उसकी दुकान सिद्धू डेयरी से चोर 35 हजार रुपए और मोबाइल फोन चोरी कर भाग गए थे। आसपास के सीसीटीवी फुटेज मुखबिरों की जानकारी पर आरोपियों की पहचान की गई। मामले में जवाहर नगर थाना क्षेत्र के एसएसबी रोड की गली नंबर दस के रहने वाले अजय पुत्र बलवंत, केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र के गांव 18 आरबी के रहने वाले राकेश उर्फ मंडिया पुत्र जोगाराम और एसएसबी रोड की ही गली नंबर दस में ही किराए पर रहने वाले सरफराज खान उर्फ खज्जू पुत्र इसरार अहमद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों से चोरी किया मोबाइल और रुपए बरामद कर लिए हैं। पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है।

## ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**सूरतगढ़,** (निसं)। किशनपुरा आबादी क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर गुरूवार को ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने डिस्कॉम कार्यालय में अधिकारियों से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग की। जिसके लिए ग्रामीणों ने डिस्कॉम के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि किशनपुरा आबादी में महारानी लक्ष्मी बाई चौक के पास घरेलू विद्युत कनेक्शन पर वोल्टेज बहुत कम है। इस वजह से उनके घरेलू उपकरण जलने का हर समय खतरा रहता है। साथ ही इस भीषण गर्मी में उन्हें कम वोल्टेज की वजह से परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

## नशीली दवा रखने के मामले में आरोपी को दस साल की सजा

**हनुमानगढ़,**(कासं)। एनडीपीएस कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश रूपचंद्र सुथार ने नशीली दवा के एक मामले में आरोपी नरेन्द्र शर्मा को दोषी मानते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

■ दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया

जंक्शन पुलिस ने 23 सितम्बर 2017 को आरोपी नरेन्द्र शर्मा के कब्जे से 200 शीशियां नशीली दवाओं की मिली। जिसमें एनडीपीएस घटक होने के कारण आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ अदालत में चालान पेश किया। विशिष्ट लोक अभियोजक दिनेश दाधीच ने बताया कि अभियोजन पक्ष की तरफ से 8 गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद आरोपी को विभिन्न धाराओं को दोषी मानते हुए अधिकतम दस साल की सजा सुनाई।

**50 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार :** टाउन पुलिस ने 50 ग्राम चिट्टा (स्मैक) बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की। सीआई दिनेश सारण ने बताया कि एसआई पूर्ण सिंह ने टीम के साथ गश्त के दौरान घग्घर पुलिया के पास श्रीनगर रोड़ पर पहुंचे तो एक बाइक सवार को संदेह के आधार पर रोक कर तलाशी ली तो उसके पास 50 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान गुरदीप सिंह (20) पुत्र चरणजीत सिंह निवासी मोजूखेड़ा पीएस ऐलनाबाद हरियाणा के रूप में हुई। मामला दर्ज कर जांच शेरगढ़ चौकी प्रभारी एसआई विजयपाल को सौंपी गई है।

## जिले के 500 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्र मॉडल केन्द्र के रूप में विकसित होंगे : कलाल

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने गुरुवार को गोलरी में मॉडल आंगनबाड़ी निर्माण कार्य का शुभारंभ और खिलौना बैंक का उद्घाटन किया।



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने गोलरी मॉडल आंगनबाडी केन्द्र में महिलाओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले के 500 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें दीवारों पर आकर्षक ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदर्शित करने के साथ यहां खिलौना बैंक स्थापित किया जा रहा है। भामाशाहों के सहयोग से एलईडी भी उपलब्ध करवाई जा रही है। साथ ही यहां पानी, बिजली सहित सभी आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।


उन्होंने बताया कि अभी 200 आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें 20 से अधिक स्थानों पर यह कार्य पूरा हो चुका है। इन केन्द्रों पर पोषण वाटिकाएं स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि यहां प्राप्त खिलौने श्रीकोलायत के सभी केन्द्रों पर भेजे जायेंगे। जिला कलेक्टर ने इन केन्द्रों के विकास के लिए भामाशाहों से आगे आने का आव्हान किया और विकास में भागीदारी निभाने वाले भामाशाहों का सम्मान भी किया। इस दौरान उन्होंने गांव की बेटी के जन्म दिन पर केक कटवाया और गर्भवती महिला की गोद भराई की रस्म करवाई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा लक्षित वर्ग को समस्त सुविधाएं प्रभावी तरीके से मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक शारदा चौधरी ने बताया कि झंवरलाल सेठिया द्वारा केन्द्र के लिए एलईडी टीवी उपलब्ध करवाई गई है। वहीं भामाशाह पी. के. गुप्ता, सुंदरलाल काटिया और चानी सरपंच मोहनी देवी ने खिलौना बैंक के लिए आर्थिक सहयोग दिया। विकास अधिकारी दिनेश सिंह भाटी ने बताया कि श्रीकोलायत के 99 केन्द्रों को मॉडल केन्द्र बनाया जा रहा है। इनमें 30 पंचायत समिति और 69 केन्द्रों के कार्य संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा करवाए जायेंगे।

■ कलेक्टर ने गोलरी में मॉडल आंगनबाड़ी निर्माण कार्य और खिलौना बैंक का शुभारंभ किया

## जिला स्थापना दिवस पर घरों में 11 दीपक जलाएं : डिडेल

**हनुमानगढ़,**(कासं)। 29 वें जिला स्थापना दिवस पर इस बार जिले भर में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिला स्थापना दिवस को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा करते हुए आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने आमजन से भी अपील की है कि जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष पर 11 और 12 जुलाई को शाम साढ़े सात बजे सभी लोग अपने अपने घरों पर 11-11 दीपक जलाएं।



हनुमानगढ़ जिला स्थापना दिवस को लेकर कलेक्टर नथमल डिडेल ने बैठक ली।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इस बार जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित सभी सरकारी कार्यालयों की साफ सफाई की जायेगी। इसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा। जांच दल 9 व 10 जुलाई को सभी राजकीय कार्यालयों की साफ- सफाई इत्यादि का निरीक्षण करेंगे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने बताया कि 11 जुलाई को सुबह 7 बजे जिला मुख्यालय पर कैनाल कॉलोनी में इरिगेशन गेस्ट हाउस के सामने इरिगेशन पार्क में जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके अलावा सभी विभागों के कार्यालयों में पौधरोपण किया जायेगा।

उसके बाद सुबह 9 बजे जंक्शन रेलवे स्टेशन से जंक्शन बस स्टेंड तक सिंगल यूज प्लास्टिक बैन रैली का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर व निशुल्क मेडिकल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया है।

